भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2063
गुरूवार, 8 अगस्त, 2024/17 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**क्रूज पर्यटन का विकास**

**2063 श्री धनंजय भीमराव महादिक:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारी संभावनाओं के बावजूद देश में क्रूज पर्यटन का विकास कम हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार ने महाराष्ट्र सहित उन राज्यों की पहचान की है, जिनमें क्रूज पर्यटन की भारी संभावनाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र ने क्रूज पर्यटन के विकास के लिए केंद्र सरकार से संपर्क किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्रूज पर्यटन को आम जनता के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): भारत को वैश्विक रूप से क्रूज पर्यटन हेतु एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने क्रूज पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु महाराष्ट्र सहित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को वितीय सहायता प्रदान करता है। स्वदेश दर्शन और सीएफए योजना के अंतर्गत तटवर्ती परिपथ और क्रूज परियोजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

जैसाकि पोतपरिवहन, पत्तन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा सूचित किया गया है, आम जनता में क्रूज को लोकप्रिय बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

सरकार ने क्रूज जहाज़ों और पर्यटकों के आगमन को सुगम बनाने के लिए पहलें की है जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

(i) बर्थिंग के लिए कार्गो जहाज की तुलना में क्रूज जहाज़ को प्राथमिकता दी जाती है।

(ii) युक्तिसंगत क्रूज टैरिफ लागू किया गया है।

(क) पत्तन प्रभार की वसूली 0.085 डॉलर/जीआरटी की दर से (निर्धारित दर) और बर्थ पर पहले 12 घंटों के ठहराव के लिए प्रति यात्री 6 डॉलर के मामूली कर की वसूली की जाती है।

(ख) क्रूज पोतों को उनकी कॉल्स की संख्या के आधार पर 10% से 30% के बीच छूट दी जाती है।

(iii) क्रूज जहाज़ों को आकर्षित करने के लिए आउस्टिंग प्रभारों को हटा दिया गया है।

(iv) ई-वीज़ा और आगमन पर वीजा की सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

(v) सिंगल ई-लैंडिंग कार्ड की शुरूआत की गई है जो क्रूज यात्रा कार्यक्रम में सभी पत्तनों के लिए वैध है।

(vi) विदेशी क्रूज जहाज़ के लिए कैबोटेज माफ कर दिया गया है। इस छूट के परिणामस्वरूप विदेशी क्रूज पोत को घरेलू यात्रा के दौरान भारतीय नागरिकों को एक भारतीय पत्तन से दूसरे भारतीय पत्तन तक लाने-ले जाने की अनुमति मिल गई है।

(vii) पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विदेश जाने वाले जहाज़ों के लिए तटवर्ती यात्रा जहाज़ में परिवर्तित होने पर सशर्त आईजीएसटी छूट को मंजूरी दी गई है। यह छूट छह माह के भीतर उनके फिर से विदेश जाने वाले जहाज़ों के रूप में परिवर्तित हो जाने की शर्त पर दी गई है।

*****

**अनुबंध**

श्री धनंजय भीमराव महादिक द्वारा क्रूज पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 08.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2063 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**क्रूज टर्मिनलों एवं संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(लाख रु. में)**

| **क्र. सं.** | **वर्ष** | **राज्य का नाम** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2012-13 | तमिलनाडु | चेन्नई पोर्ट में मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 1724.66 | 1724.66 |
| 2 | 2014-15 | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज टर्मिनल बिल्डिंग | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 879.04 | 767.187 |
| 3 | 2016-17 | केरल | विलिंगडन द्वीप, कोच्चि, केरल में वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास। | कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट | 901.00 | 826.59 |
| 4 | 2016-17 | केरल | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट | 2141.00 | 1912.80 |
| 5 | 2016-17 | महाराष्ट्र | एक पर्यटक गंतव्य के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट | 1500.00 | 1500.00 |
| 6 | 2017-18 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ | मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट | 1250.00 | 1250.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आधुनिकीकरण। | | | |
| 7 | 2018-19 | गोवा | मोरमुगाओ में आव्रजन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 1316.40 | 658.20 |
| 8 | 2018-19 | केरल | कोच्चि पोर्ट क्रूज टर्मिनल में अवसंररचना का विकास करना। | कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट | 120. 79 | 114.17 |
| 9 | 2018-19 | केरल | कोच्चि नॉर्थ ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट | 466.47 | 466.47 |
| 10 | 2018-19 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम बंदरगाह के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 3850.00 | 2991.00 |
| 11 | 2019-20 | केरल | नए कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए सीएफए | कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट | 1029.70 | 888.62 |
| 12 | 2019-20 | उत्तर प्रदेश (वाराणसी और इलाहाबाद -I, इलाहाबाद -II), बिहार (भागलपुर), पश्चिम बंगाल (कोलकाता) और असम | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 और 2 पर रिवर क्रूज के चढ़ने/उतरने के नौ (09) मुख्य बिंदुओं पर जेट्टी के विकास के लिए सीएफए<br>पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या -2 **(ब्रह्मपुत्र)** में 4 जेट्टियों के विकास को जारी रखने के लिए मंजूरी दी | आईडब्ल्यूए आई | 2803.05 | 700.76 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (नेमाती, पांडु, जोगीघोपा और विश्वनाथ घाट) | | | | |
| 13 | 2021-22 | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट (एमपीटी) द्वारा मोरमुगाओ बंदरगाह, गोवा में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रूज जहाजों के लिए सुविधाओं का निर्माण | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 5000.00 | 4000.00 |
| 14 | 2021-22 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750.00 | 3600.00 |

**स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत तटीय परिपथ एवं क्रूज परियोजना के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**तटीय परिपथ**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | (2014-15) | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुड़ी - अड्डरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 | 67.83 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | (2015-16) | नेल्लोर - पुलिकट झील - उबलामाड्डुगु जल प्रपात - नेलापट्टू- कोथाकोडुरु- मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | पुडुचेरी | (2015-16) | दुबरायापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नांबर - नल्लावडू / नरम्बई - मनापेट- कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 58.44 | 58.44 |
| 4. | पश्चिम बंगाल | (2015-16) | बीच परिपथ: उदयपुर-दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बक्खलाई-हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 | 65.07 |
| 5. | महाराष्ट्र | (2015-16) | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - शिरोडा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), देवगढ़ (किला तथा बीच), मितभाव, टोंडावली, मोसेहमद तथा निवाती किले का विकास | 19.06 | 18.10 |
| 6. | गोवा | (2016-17) | सिंक्वेरियम-बागा, अंजुना-वागाटोर, मोरजिम-केरी, अगुआडा किला और अगुआडा जेल का विकास | 97.65 | 97.65 |
| 7. | ओडिशा | (2016-17) | गोपालपुर, बरकुल, सतपदा और तम्पारा का विकास | 70.82 | 67.28 |
| 8. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | (201617) | लॉन्ग आइलैंड-रॉस स्मिथ आइलैंड- नील आइलैंड-हैवलॉक आइलैंड- बारातांग आइलैंड-पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 | 22.13 |
| 9. | तमिलनाडु | (2016-17) | (चेन्नई- मम्माल्लापुरम - रामेश्वरम - मनपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 71.03 |
| 10. | गोवा | (2017-18) | रूआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला -कोल्वा - बेनौलिम का विकास | 99.35 | 99.35 |
| | | | **कुल** | **631.39** | **616.43** |

*****